मल्टी टीवी कनेक्शन पर भी डीपीओ द्वारा एनसीएफ (नेटवर्क कैपेसिटी फीस) के तौर पर एक बड़ी राशि ग्राहकों से ली जाती थी, लेकिन अब ट्राई ने घर या ऑफिस में एक से अधिक कनेक्शन लेने पर 40 फीसदी तक छूट देने को कहा है। यानी अब कंपनियों को एक जगह पर एक से अधिक कनेक्शन देने पर कीमतों को कम करना होगा। इसके अलावा ट्राई ने डीपीओ को उन ग्राहकों को छूट देने की इजाजत दे दी है, जो 6 महीने या फिर उससे अधिक समय के लिए सब्सक्रिप्शन लेते हैं। टीवी ग्राहकों द्वारा ट्राई को लगातार केबल टीवी की दरों व डीपीओ की मनमानी को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। अगर ट्राई द्वारा केबल टीवी व ब्रॉडकास्टिंग इंडस्ट्री में लाए टैरिफ ऑर्डर व फिर उसमें किए संशोधन की बात करें तो हमें कुछ साल पीछे, यानी 2017 में जाना होगा, जब 3 मार्च 2017 को ट्राई द्वारा रेग्यूलेटरी फ्रेमवर्क जारी किया गया था, लेकिन ट्राई द्वारा जारी इस टैरिफ ऑर्डर को कुछ कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा और यह 29 दिसंबर 2018 को जाकर ही लागू हो सका। ट्राई द्वारा लाए गए इस फ्रेमवर्क ने ब्रॉडकास्टिंग व केबल टीवी इंडस्ट्री में बिजनेस को सामंजस्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई और टीवी चैनलों की दरों में पारदर्शिता लाने में भी खासा अहम साबित हुआ। इसके अलावा इसने हितधारकों में होने वाली रस्साकशी को भी दूर किया और सभी छोटे व बड़े एमएसओ को बराबर अवसर मिले। ट्राई के अनुसार इसी का नतीजा था कि इंडस्ट्री में पारदर्शिता आई और सरकार ने अपना रेवेन्यू भी बढ़ाया।

TRAI
Telecom Regulatory Authority of India
(IS/ISO 9001-2008 Certified Organisation)

टैरिफ ऑर्डर के मसले पर लगातार मिल रही थीं शिकायतें

ट्राई ने साल 2019 में मार्च के अंत तक न्यू टैरिफ आर्डर को पूरी तरह से लागू करा दिया था, जिसके बाद से ही ट्राई लगातार यह दावा कर रहा था कि उसके द्वारा ब्रॉडकास्टिंग और केबल टीवी इंडस्ट्री में लाया गया यह न्यू टैरिफ ऑर्डर ग्राहकों के लिए हितकारी है, लेकिन उस वक्त आने वाली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ग्राहकों के साथ-साथ केबल



टीवी ऑपरेटर्स भी असमंजस की स्थिति में थे।
उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि वे न्यू टैरिफ ऑर्डर के तहत किस हिसाब से चैनल चुनें। लिहाजा न्यू टैरिफ ऑर्डर पर ट्राई को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, लेकिन फिर भी ट्राई लगातार न्यू टैरिफ ऑर्डर को ग्राहकों के लिए हितकारी ही बता रहा था। डीटीएच व केबल टीवी सब्सक्राइबर्स के लिए ट्राई द्वारा लागू किया गया यह न्यू टैरिफ ऑर्डर ट्राई के मुताबिक ग्राहकों के लिए कितना भी हितकारी बताया जा रहा हो, लेकिन सच यही था कि ग्राहक इससे खुश नहीं थे, क्योंकि उन्हें टीवी के ऊपर पहले से अधिक खर्च करना पड़ रहा था। टीवी का खर्चा अधिक होने का मुख्य कारण था एनसीएफ में बदलाव।

अभी क्या कहते हैं नियम?

ट्राई के अभी के नियमों के अनुसार केबल व डीटीएच ग्राहक को कम से कम नेटवर्क कैपेसिटी फीस के तौर पर 130 रुपए मासिक देने ही देने होते हैं, जिस पर 18 फीसदी जीएसटी अलग से है, यानी कि कुल 153.40 रुपए मासिक में ग्राहक को 100 चैनल मिलते हैं और इन 100 चैनलों में भी 25 चैनल जो कि डीडी के हैं, उन्हें दिखाना अनिवार्य किया गया है।
बाकी बचे 75 चैनल ग्राहक चुन सकता है। इसके साथ ही आपको यह भी बता दें कि 100 चैनल से अधिक लेने पर नेटवर्क कैपेसिटी फीस बढ़ जाती है।

ट्राई के इस नए नियम से क्या बदल जाएगा?

ट्राई द्वारा नए साल के मौके पर लाए गए नए नियम से 1 मार्च 2020 से ग्राहकों का टीवी देखना सस्ता हो जाएगा। 1 मार्च 2020 से ग्राहकों को 153.40 रुपए की एनसीएफ में ही 200 चैनल देखने को मिल सकेंगे और इसमें अनिवार्य किए गए चैनलों को गिनती में शामिल नहीं किया गया है। अगर ग्राहक के घर या ऑफिस में एक से अधिक कनेक्शन हैं तो उस स्थिति में भी एनसीएफ में बचत होगी। इसके अलावा अ-ला-कार्ट चैनल और बुके की कीमतें भी घट जाएंगी। ट्राई ने पहले लंबी अवधि वाले प्लान पर मिलने वाली छूट को खत्म कर दिया था, लेकिन अब लंबी अवधि वाले प्लान पर ग्राहकों को डिस्काउंट मिल पाएगा। ट्राई के नए नियम के अनुसार ग्राहकों को 6 महीने से अधिक के सब्सक्रिप्शन पर छूट मिल सकती है।
अगर ग्राहक सिर्फ फ्री टू एयर वाले चैनलों को चुनता है तो डीपीओ ग्राहक से अधिकतम 160 रुपए मासिक ही चार्ज कर सकते हैं। ट्राई के अनुसार सभी ब्रॉडकास्टर्स 15 जनवरी तक अपने चैनल की दरों में बदलाव करेंगे और 30 जनवरी तक डीपीओ दोबारा से अपनी वेबसाइट पर चैनलों की नई दरों को जारी करेंगे, जिससे ग्राहकों को टीवी चैनलों की नई दरों के बारे में जानकारी मिल जाएगी।
ट्राई उम्मीद कर रहा है कि ब्रॉडकास्टिंग और केबल सर्विसेज के सेक्टर में इस संशोधन से ग्राहकों को बेहतर ऑफर प्राप्त होंगे और इससे ग्राहक और भी अधिक चैनलों को चुन सकेंगे।
आपको याद होगा कि ट्राई जब वर्ष 2019 में न्यू टैरिफ आर्डर लेकर आया था, तब भी उसने इस पर अपनी पीठ थपथपाई थी, लेकिन ग्राहकों को तब ट्राई का यह नियम समझ ही नहीं आया था और उनके समक्ष असमंजस की स्थिति थी। अब ट्राई ने अपने नियमों में संशोधन करते हुए नया नियम जारी किया है, जो 1 मार्च 2020 से प्रभाव में आ जाएगा। इस नियम से निश्चित रूप से केबल टीवी ग्राहकों को थोड़ी राहत तो जरूर ही मिलेगी।



क्लाउड कम्पयूटिंग मतलब डाटा को ऑनलाइन सेव करना, जिस पर उन सभी लोगों की पहुंच हो, जो उससे जुड़े हैं।

क्लाउड कम्प्यूटिंग
आज की जरूरत

आजकल ऑनलाइन का जमाना है। इंटरनेट के माध्यम से ऐसी बहुत सी चीजें आज संभव हैं, जो कल तक असंभव सी समझी जा रही थीं। यह तकनीक का विकास है। तकनीक के विकास के ही उदाहरणों में से एक है क्लाउड कम्प्यूटिंग। क्लाउड कम्प्यूटिंग शब्द से कुछ लोग खुद को भले ही अंजान समझ रहे हों, लेकिन यदि आप इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो आपने क्लाउड कम्प्यूटिंग का उपयोग जरूर ही किया होगा। उदाहरण के लिए आपने अपने डाटा को अपने कम्प्यूटर में ना सेव करके इंटरनेट के माध्यम से अन्य, प्लेटफॉर्म पर सेव किया हो और आप उसे इंटरनेट के ही माध्यम से एक्सेस भी कर सके। आसान भाषा में समझें तो आपका दोस्त किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है और अचानक से उसे आपसे कोई फाइल चाहिए, तो आप इंटरनेट के माध्यम से उस फाइल को उसके साथ शेयर करोगे। लेकिन तब क्या हो अगर इंटरनेट के माध्यम से कोई ऐसा प्लेटफॉर्म हो, जहां पर आपकी जरूरत की सभी फाइल व डाक्यूमेंट सेव हो और उस प्लेटफॉर्म पर आपके साथ-साथ आपके दोस्त का भी एक्सेस हो? हो गया न काम आसान, अब आपका दोस्त आपको बोलने की जगह डायरेक्ट इंटरनेट के माध्यम से उस जरूरी फाइल को एक्सेस कर लेगा।

■ क्या है क्लाउड कम्प्यूटिंग?

क्लाउड कम्प्यूटिंग मतलब डाटा को ऑनलाइन सेव करना, जिस पर उन सभी लोगों की पहुंच हो, जो उससे जुड़े हैं। इसे समझने के लिए एक बिल्कुल आसान से उदाहरण का इस्तेमाल करते हैं, जो सामान्य तौर पर ऑफिसों में मिल ही जाता है। आपके ऑफिस में आपके साथ 5 लोग और हैं जो कार्य करते हैं। सभी लोगों के कार्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मतलब आपको अपने सहकर्मचारी की जरूरत पड़ती रहती है, जिसमें वो आपके साथ फाइल व जरूरी जानकारी साझा करता है, जिसकी जरूरत आपको है, लेकिन अगर वो इन जानकारियों को पेन ड्राइव, जीमेल या व्हाट्सएप से शेयर करता है तो यह अधिक समय लगाने वाली बात हो जाती है। इसके लिए ऑफिसों में सभी कम्प्यूटर जिस पर कर्मचारी कार्य करते हैं, नेटवर्क के माध्यम से आपस में जुड़े हुए होते हैं, जिसके द्वारा ऑफिस के सभी कर्मचारी आपस में बड़ी ही आसानी से फाइल साझा कर लेते हैं। ऑफिसों में नेटवर्किंग का यह सिस्टम अब पुराना हो चुका है, इसकी जगह अब ले ली है क्लाउड सर्विसेज ने। इसका सबसे अच्छा फायदा है कि अगर आप अपने ऑफिस या कार्यस्थल पर नहीं हो, फिर भी आप इंटरनेट के माध्यम से जरूरी फाइल व डॉक्यूमेंट्स को एक्सेस कर सकोगे।

सर्च इंजन गूगल की गूगल फोटो की सर्विस भी एक तरीके से क्लाउड सर्विस ही है, जहां पर फोटोज को गूगल फोटो में सेव करते हैं और जरूरत पड़ने पर इंटरनेट के माध्यम से आप उसे एक्सेस भी कर लेते हैं। गूगल फोटोज की फोटो


को सिर्फ आप ही एक्सेस कर सकते हैं, जिससे इस पर आपको पूरी प्राइवेसी भी मिलती है।

इसके अलावा क्लाउड कम्प्यूटिंग में डाटा एक्सेस से लेकर डाटा को स्टोर करने तक का पूरा काम नेटवर्क पर ही होता है। क्लाउड वाले कम्प्यूटर सिस्टम पर काम करने वाले को न तो हार्ड ड्राइव की जरूरत होती है और न ही मदर बोर्ड की। इसके साथ ही यह निजी कम्प्यूटर में होने वाले वायरस के नुकसान को भी बचाता है। क्लाउड सर्विस के उदाहरणों में हम एमाजोन वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट एज्योर, वीएमवेयर और सीटीआरएलएस को देख सकते हैं। क्लाउड में दो लेयर काम करती हैं-एक फ्रंट लेयर और दूसरी बैक लेयर। फ्रंट लेयर होती है, जिसे हम देख सकते हैं और उस पर से डाटा को डाउनलोड कर सकते हैं। बैक लेयर जिसमें सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से उसमें काम किया जाता है, जिससे हम फ्रंट लेयर को एक्सेस कर पाते हैं। उदाहरण के लिए आपकी कंपनी का एक क्लाउड है, जिस पर आप डाटा को सेव करते हैं और उसका एक्सेस सभी ऑफिस कर्मचारियों के पास है, जहां से आसानी से वे डाटा को अपनी जरूरत के हिसाब से देख व डाउनलोड कर सकते हैं, लेकिन जब तक आप क्लाउड पर डाटा शेयर नहीं करोगे, तब तक अन्य ऑफिस कर्मचारी उसे एक्सेस नहीं कर सकते हैं।


■ क्लाउड कम्प्यूटिंग के प्रकार

क्लाउड कम्प्यूटिंग क्या है और यह कैसे काम करता है, इसे तो आपने ऊपर समझ ही लिया है। अब अगर क्लाउड कम्प्यूटिंग के प्रकार की बात करें तो इसमें शामिल है...

◆ **पब्लिक क्लाउड कम्प्यूटिंग:**- पब्लिक क्लाउड कम्प्यूटिंग जिसमें कि क्लाउड का संचालन थर्ड पार्टी क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर द्वारा किया जाता है। पब्लिक क्लाउड कम्प्यूटिंग में सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का संचालन या कहें प्रबंधन क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर के पास ही होता है। यहां पर इन क्लाउड सर्विसेज के यूजर बस इंटरनेट के माध्यम से अपना अकाउंट बनाते हैं और उसे मैनेज करते हैं। इसके उदाहरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज्योर को ले सकते हैं।




◆ **प्राइवेट क्लाउड कम्प्यूटिंग :**- प्राइवेट क्लाउड कम्प्यूटिंग जिसमें कि क्लाउड को सिर्फ एक पार्टी द्वारा ही उपयोग किया जाता है। प्राइवेट क्लाउड कम्प्यूटिंग को अधिकतर व्यावसायिक संगठनों द्वारा उपयोग किया जाता है। यह कंपनी के ऑन साइट



डाटा सेंटर में भी हो सकता है। आसान भाषा में कहें तो एक प्राइवेट क्लाउड कम्प्यूटिंग वह है, जिसमें क्लाउड का संचालन करने वाले और उसकी सेवा का लाभ उठाने वाले एक निजी नेटवर्क का उपयोग करते हों। हालांकि कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं, जो अपने प्राइवेट क्लाउड के प्रबंधन के लिए थर्ड पार्टी को भुगतान करती हैं।

◆ **हाइब्रिड क्लाउड कम्प्यूटिंग:**- हाइब्रिड क्लाउड कम्प्यूटिंग, जिसमें पब्लिक क्लाउड और प्राइवेट क्लाउड को आपस में जोड़ा जाता है। हाइब्रिड क्लाउड ऐसी अनुमति देता है



कि डाटा व एप्लिकेशंस को पब्लिक क्लाउड और प्राइवेट क्लाउड के बीच साझा किया जा सके। अगर कहें कि हाइब्रिड क्लाउड यूजर्स को एक अतिरिक्त उपयोगी विकल्प

Highlights 2019









Centre approved renaming of Allahabad as Prayagraj.

1 st January



Avinash Panday Promoted as CEO of ABP News Network

2nd January



Sachin Tendulkar's coach Ramakant Achrekar passed away.

2nd January



Arunima Sinha became world's 1st female amputee to sale Atarctica's highest peak.

4th January



Government allocated Rs 10,900 Cr for development of 40 satellite launch vehicles.

7th January



Private FM channels permitted to carry All India Radio news.

8th January

January 2019

8th January

Private FM channels permitted to carry All India Radio news.



10 th January

MC Mary Kom attained No. 1 position in AIBA rankings.



15 th January

Government launched 2 national level initiatives in field of science communication.



17 th January

IIT-Hyderabad launched full-fledged B.Tech program in Artificial Intelligence.



25th January

ISRO successfully launched PSLV C44 carrying Kalamsat & Microsat R.



28th January

Aavishkar Media Group organized 10th SATCAB SYMPOSIUM.





Mithali Raj Became first woman to play 200 ODIs.

1 st February



Rishi Kumar Shukla appointed as new CBI Director.

2nd February



PM Modi laid foundation stone for various development projects in Leh.

3rd February



ISRO launched **GSAT 31** from French Guiana.

6th February



Bollywood actor **Mahesh Anand** passed away at age of 57.

8th February

अरुण प्रभा

PM Modi launched **'DD Arunprabha'** channel for Arunachal Pradesh.

9th February

February 2019

10 th February

Hindi included as **3rd official court language** in Abu Dhabi.



12 th February

Indian Army carried out the annual exercise named **'Exercise Topchi'**.



14 th February

Amazon launched **'Amazon Pay UPI'** for Android users in India.

amazon pay

18th February

India's first **'Fulldome 3D Digital Theatre'** inaugurated in **Kolkata.**



20th February

Operation Digital Board launched by HRD Ministry.

Ministry of Human Resource Development
Government of India

21st February

BEL signed Teaming Agreement with Hughes India for Helicopter SATCOM Solutions.

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS



7 th Guinness Book of World Record created by **DEPwD** in Bharuch, Gujarat.

1 st March



Arun Jaitley released book titled **'Mann Ki Baat-A Social Revolution on Radio'.**

2nd March



PM Modi launched **'One Nation One Card'.**

4th March



ISRO launched **'Yuva Vigyani Karyakram'** for school children.

5th March

Google bolo

Google launched **'Bolo'** app to tutor children to read Hindi, English.

6th March



116-year-old Japanese woman honored as **world's oldest** person alive.

9th March

March 2019

14 th March

USA announced to set up **six nuclear** power plants in India.



17 th March

Goa CM **Manohar Parrikar** passed away.



19 th March

22nd **'Holi Ke Rang Electronic Media Ke Sang'** organized by Aavishkar Media Group



23rd March

Justice **PC Ghose** took oath as the **first Lokpal** of India.



27th March

Enterr10 Media appointed **Joy Chakraborthy** as its new CEO.



28th March

IIT Kharagpur & Wipro partnered for advanced research in **5G & AI.**

wipro



ISRO launched PSLV C-45 carrying EMISAT & 28 international nano satellites.

1 st April



BSNL got licence for Wi-Fi on flights.

3rd April



Google launched its 1st drone delivery service in Australia.

9th April



Virat Kohli & Mandhana named as the Wisden's Leading Cricketers of the Year.

10th April



Namami Gange got global recognition at the world summit.

11th April



DoT approved the merger of Tata Tele Unit & Airtel.

12th April

April 2019

13 th April

Meena Kumari Maisnam clinched gold at Boxing World Cup 2019.



14 th April

Airtel & FICCI Ladies Organisation launched women's safety app.



17 th April

Nepal & Sri Lanka launched their 1st satellites from USA.



18th April

NASA's 1st female astronaut candidate Jerrie Cobb passed away.



25th April

Microsoft became world's third company to be worth $1 trillion.



29th April

Wipro Consumer Care acquired Filipino company 'Splash'.





Green number plates became mandatory for all electric vehicles in India.

1 st May



BSNL launched 'Bharat Fibre' broadband service In Kashmir Valley.

2nd May

Microsoft unveiled its own blockchain based service.

2nd May



Vodafone Idea signed multi-million dollar IT deal with IBM.

3rd May



Nepalese girl Bandana set Guinness World Record by dancing for 126 hours straight.

4th May



TRAI appointed BECIL to conduct audit.

5th May

May 2019

13 th May

Doordarshan launched online souvenir store in partnership with Amazon India.



14 th May

India's GS Lakshmi became 1st ever female ICC match referee.



21st May

2019 Lok Sabha Polls clocked highest ever voter turnout (67.47%) in history.



22nd May

ISRO successfully launched earth observation satellite 'RISAT-2B'.



27th May

Ajay Devgan's father & action choreographer-filmmaker Veeru Devgan passed away.



27th May

Saurabh Chaudhary won 10m Air Pistol gold in ISSF World Cup.





MP cabinet passed resolution to increase reservation for OBCs to 27%.

3rd June



L&T Financial Services launches 'Digital Sakhi' program in Tamil Nadu.

4th June



Aavishkar Media Group conferred 10th BCS RATNA Awards

6th June



PM Modi was conferred with the Maldives highest honor 'Rule of Nishan Izzuddeen'.

8th June



Yuvraj Singh announced retirement from international cricket.

10th June



India successfully test fired Hypersonic Cruise Missile.

12th June

June 2019


13 th June

World's highest weather station installed atop Mount Everest.



14 th June

NASA's first Astrobee robot 'Bumble' started flying in space.



15 th June

Govt directed TV channels to display title, credits in serials in regional languages too.

Ministry of Information and Broadcasting

18th June

Afghanistan's Rashid Khan became most expensive bowler in World Cup history.



19th June

Om Birla elected as 17th Lok Sabha Speaker.



22nd June

Centre distributed free DD set-top boxes to J&K people.





Jal Shakti Abhiyan for water conservation launched nationwide.

1 st July



P.K. Purwar appointed as the CMD of BSNL.

2nd July



Veteran industrialist BK Birla passed away.

3rd July



BARC to report viewership data for free, pay channels separately.

5th July



Rohit Sharma set world record of maximum 5 centuries in a single World Cup.

6th July



DRDO carried out three successful Nag missile tests in one day in Pokhran.

7th July

July 2019

14 th July

England won Cricket World Cup 2019.



19 th July

Sachin Tendulkar became 6th Indian to be inducted into ICC Hall of Fame.



20th July

3-time Delhi CM Sheila Dikshit passed away.



22nd July

India's second moon mission Chandrayaan-2 launched.



25th July

Sunil Kumar was given additional charge as MTNL chief.



28th July

DD News channel bagged Champions of Empathy Award.

DD NEWS



Anshu Prakash elevated as Telecom Secretary

1 st August



Former Cricketer Kapil Dev honored with Bharat Gaurav Award.

1 st August



MIB launched a competition for designing Postage Stamp.

1 st August



Former External Affairs Minister Sushma Swaraj passed away.

6th August



I&B Minister Javadekar launched e-version of Rozgar Samachar.

8th August



PM Modi appeared on Discovery with Bear Grylls.

12th August

August 2019

15th August

ISRO Chairman K.Sivan honored with Dr. APJ Abdul Kalam Award.



15th August

Veteran actor Vidya Sinha passed away.



24th August

Former finance minister Arun Jaitley passed away.



25th August

PV Sindhu became first Indian to win World Championships gold.



30th August

Abhishek Verma and Elavenil Valarivan won the gold medal in shooting World Cup.



31st August

Most awaited 'Assam's National Register of Citizens List' released.





15th Chetna Yatra flagged off by Hon'ble Minister Sh. Gajendra Singh Shekhawat

1 st Sept.



Mithali Raj retired from T20 International Cricket.

3rd September



1st National Conference on Cyber Crime Investigation & Cyber Forensics inaugurated.

4th September



Ram Jethmalani passed away at 95.

8th September



24th World Energy Congress commenced in Abu Dhabi.

9th September



Airtel launched Airtel Xstream.

11th September

September 2019

14th September

I&B Minister Javadekar flagged off Jaldoot vehicle in Pune.



17th September

Airtel Payments Bank launched 'Bharosa' savings account.



18th September

Vinesh Phogat won bronze medal in Wrestling World Championships.



19th September

Telecom body approved Rs 8500 Cr for mobile towers & optical fibres.



27th September

Doordarshan Director General Supriya Sahu moved on



30th September

UNESCO & DD joined hands for TV show on Gandhi's 150th anniversary.





4th October

Harmanpreet Kaur became first Indian woman to play 100 T20Is.

5th October

NHA, Google tie up for Ayushman Bharat implementation.

7th October

AdSense in Marathi launched by Google.



9th October

Railway police's website & mobile app 'Sahyatri' launched.

9th October

Dish TV to launched Hybrid STB with Amazon Prime Video.



10th October

'DHRUV' a learning program launched from ISRO HQ, Bengaluru.

October2019

10th October

'Ganga Aamantran: Open Water Rafting Expedition' launched by Jal Shakti Ministry.



11th October

MC Mary Kom won bronze in World Women's Boxing Championships.



16th October

Mastercard & MS Dhoni partnered to build 'Team Cashless India'.



22nd October

Sourav Ganguly took charge as new BCCI President.



22nd October

Sunil Lulla became new CEO of BARC India.



30th October

Veteran Telugu actress Geetanjali passed away.



1 st November

IIT Delhi announced to set up space technology cell in collaboration with ISRO.



2nd November

Pooja Gehlot won silver in UWW Under-23 World Championships.

4th November

ZEE5 introduced new tool PLAY5 for brand strengthening.



8th November

Sanjay Gupta appointed as country manager at Google India.



9th November

NASA unveiled its first electric airplane.



18th November

Justice SA Bobde took oath as 47th Chief Justice of India.

November 2019

21st November

Manu, Elavenil and Divyansh won gold medals in ISSF World Cup Finals.



22nd November

Jal Shakti Minister released short documentary film 'Shikhar Se Pukar'.



25th November

Subhash Chandra resigned as chairman of Zee Entertainment



27th November

ISRO launched CARTOSAT-3.



28th November

Uddhav Thackeray took oath as Maharashtra CM.



29th November

ISRO transferred space-grade Li-Ion cell technology to BHEL.



4th December

Sundar Pichai appointed as CEO of Alphabet Inc.



5th December

Indian Mps gave up food subsidy at Parliament canteen.



9th December

World Anti-doping Agency imposed 4 year ban on Russia.



10th December

World's first Electronic Flight took off from Canada.



10th December

India finished with record 312 medals in South Asian Games 2019.




11th December

ISRO launched RISAT-2BR1 satellite.

December 2019

12th December

Citizenship Amendment Bill 2019 became law after President's consent.



13th December

Centre appointed new I&B secretary Ravi Mittal



14th December

Jamaica's Toni-Ann Singh was crowned as Miss World 2019.



17nd December

Eminent theatre & film actor Shriram Lagoo passed away.



26nd December

Film & TV actor Kushal Punjabi committed suicide.



31th December

Manoj Mukund Naravane took charge as new Army Chief.





Aavishkar Media GROUP

Just Like 2020, Hope it Doubles the Happiness, Prosperity in Your Lives Wishing You a Very Happy New Year

INDIA'S LEADING TECHNOLOGY EXPO

28th Convergence India 2020

Digital India - Connecting the Unconnected

Co-located Shows

Internet of Things India expo | EmbeddedTech INDIA EXPO | MOBILE INDIA EXPO | GAMETHON EXPO | FINTECH INDIA EXPO

Pragati Maidan, New Delhi, India | 19-21 February 2020

Supported by

Ministry of Electronics and Information Technology
Ministry of Skill Development and Entrepreneurship
Government of India

Platinum & Invitation Partner

MEDIATEK

- The largest digital expo in the sub-continent
- Spread over 25,000 sqm in newly built exhibition halls
- Showcasing 700+ brands from 30+ countries
- 200+ International speakers in 35 conference sessions

Special Events

- 5G and Beyond Leadership Summit
- Cyber Security Conclave
- AI and Blockchain Summit
- Over-the-Top (OTT) Summit
- FTTH Council APAC Fiber Talk

Partners

Gold & Lanyard

HISILICON

Delegate Kit: TAIWAN EXCELLENCE — Everyday Excellence

Conference Session: FTTH COUNCIL ASIA PACIFIC

DECIBEL

Associate: syRotech — Let's Fiber.....

TAITRA

Learning: manipalglobal education services

CCTV: Jaymit Security Systems Pvt. Ltd.

Startup: DELHI NCR

Knowledge: DSCI — A NASSCOM Initiative

Thought Leader: MARKETSANDMARKETS™ | Felix Advisory — Innovating financial solutions

Research: Infoholic Research — Opportunity · Insight · Strategy | BIS Research

Media: AVISHKAR

Organisers: Exhibitions India Group

For bookings, please contact: Yash Menghani | yashm@eigroup.in | +91 99901 67229

www.convergenceindia.org

प्रदान करता है तो बिल्कुल भी गलत नहीं होगा।

■ क्लाउड कम्प्यूटिंग सेवाओं की बढ़ती मांग

अलग-अलग क्लाउड कम्प्यूटिंग ऑपरेटरों की सेवाएं अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिसमें से कई ऑपरेटरों की सेवाएं यूजर्स को आसान व फ्रेंडली सेवाएं प्रदान करती हैं, जिससे यूजर्स बड़ी ही आसानी से अपने डैशबोर्ड व अकाउंट को मैनेज करते हैं और इसके अलावा कुछ क्लाउड कम्प्यूटिंग सेवाओं को इस तरीके से डिजाइन किया जाता है कि वे आरईएसटी और कमांड लाइन इंटरफेस के साथ काम कर सके। इससे डेवलपर्स को बहुत से विकल्प मिलते हैं।

क्लाउड कम्प्यूटिंग सेवाओं की मांग क्यों बढ़ रही हैं? अगर इस प्रश्न का उत्तर ढूंढें तो जो जवाब आता है वह यह है कि इससे समय की बचत होती है, डाटा सुरक्षित होता है आदि। उदाहरण से समझें तो क्लाउड कम्प्यूटिंग यूजर्स के हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर खरीदने पर आने वाले खर्चे को भी कम करता है। इसके अलावा ऑन-साइट डाटासेंटरों को संचालित करने पर आने वाला खर्च, 24 घंटे बिजली की उपलब्धता और संसाधनों के प्रबंधन के लिए आईटी के जानकारों की सेवाओं को लेने से भी बचाता है।

कंपनी को अपने डाटा को ढूंढ़ने के लिए सभी कम्प्यूटर सिस्टम की हार्ड ड्राइव में सेव फाइलों में ढूंढ़ना नहीं पड़ता है, बल्कि कंपनी ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से सिर्फ कुछ क्लिक पर ही उसे ढूंढ़ लेती है। इससे कंपनी को डाटा को सेव करने दबाव काफी हद तक कम हो जाता है। क्लाउड कम्प्यूटिंग से यूजर्स को स्थानांतरण में भी कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ती है, अपने डाटा को लेकर। कंपनी को साइट पर अपने डाटा को सेव करने के लिए बहुत



सर्च इंजन गूगल की गूगल फोटो की सर्विस भी एक तरीके से क्लाउड सर्विस ही है, जहां पर फोटोज को गूगल फोटो में सेव करते हैं और जरूरत पड़ने पर इंटरनेट के माध्यम से आप उसे एक्सेस भी कर लेते हैं। गूगल फोटोज की फोटो को सिर्फ आप ही एक्सेस कर सकते हैं, जिससे इस पर आपको पूरी प्राइवेसी भी मिलती है।

तरह के स्टोरेज प्लान्स को लेकर चलना होता है, ताकि उनका डाटा सुरक्षित रहे। लेकिन क्लाउड कम्प्यूटिंग में इस तरह की आवश्यकताओं की कोई जरूरत नहीं होती है।

क्लाउड कम्प्यूटिंग में डाटा बैकअप होता है, जो किसी कारण से डाटा संबंधी नुकसान की भरपाई बड़ी ही आसानी से कर देता है। डाटा को क्लाउड ऑपरेटर के नेटवर्क पर रखकर कई अनुचित साइटों के लिए प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।

■ ट्राई ने महसूस की क्लाउड सर्विसेज की जरूरत

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी ट्राई ने क्लाउड सर्विसेज के लिए एक परामर्श पत्र हाल ही में जारी किया है, जिसमें ट्राई ने हितधारकों से इस मसले पर सुझाव मांगे हैं। दरअसल ट्राई ने इंडस्ट्री बॉडी के लिए क्लाउड सर्विस बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं।

ट्राई ने 2017 में सुझाव दिया था कि सभी क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स जो देश में मौजूद हैं वे क्लाउड इंडस्ट्री बॉडी के सदस्य होने चाहिए और वो दूरसंचार विभाग में रजिस्टर्ड भी होने चाहिए। ट्राई ने यह सुझाव तब मांगा है, जब सरकार के अंतर्गत नेशनल डिजिटल कम्यूनिकेशन पॉलिसी 2018 आई, जिसने बताया कि देश क्लाउड कम्प्यूटिंग सर्विस का हब बनने जा रहा है।

अब जब देश क्लाउड कम्प्यूटिंग सर्विसेज का हब बनने की ओर अग्रसर है तो ट्राई का इस पर ध्यान गया है और वो क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए इंडस्ट्री बॉडी बनाना चाहता है, जहां पर सभी क्लाउड सर्विस ऑपरेटर्स जो इस तरह की सर्विस प्रदान करते हैं, वे इस इंडस्ट्री बॉडी के सदस्य होंगे।

ट्राई, इसके लिए हितधारकों से सुझाव मांग रहा है। बदलते वक्त में और तकनीक के निरंतर होते विकास में अगर समय के साथ चलना है तो क्लाउड कम्प्यूटिंग को आज की जरूरत कहा जा सकता है।...

विज्ञापनों की बदलती दुनिया

पहले विज्ञापनों के लिए न्यूज पेपर और टेलीविजन चैनलों, खासकर न्यूज चैनलों का काफी चलन था। हालांकि अभी भी न्यूज पेपर और न्यूज चैनलों पर विज्ञापन आते हैं, लेकिन अब विज्ञापन एजेंसियों के काम करने का तरीका अपडेट हो चुका है या फिर अगर कहें कि विज्ञापन एजेंसियों के अपने काम करने के तरीके में और टेलीविजन पर दिखाई देने वाले विज्ञापनों में काफी बदलाव आ गया है तो गलत नहीं होगा।

उत्पाद या सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने वाले जरियों को विज्ञापन कहा जा सकता है। या फिर सीधे-सीधे आसान भाषा में कहें तो अपने उत्पाद या सेवाओं को कम-से-कम लागत में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा देना ही विज्ञापन है। विज्ञापन के लिए विज्ञापन एजेंसियां कार्य करती हैं, जो आपके उत्पाद और सेवा के अनुसार उपयुक्त ऑडियंस तक उसे पहुंचाती हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका कोई उत्पाद या सेवा ऐसी है, जिसमें बच्चे अधिक दिलचस्पी लेंगे तो उसके लिए विज्ञापन एजेंसियां आपके उत्पाद या सेवाओं के विज्ञापन को उस प्रोग्राम या चैनल पर अधिक पहुंचाएंगी, जिसे बच्चे देखते होंगे और जिनमें बच्चों की रुचि अधिक होगी।

पहले विज्ञापनों के लिए न्यूज पेपर और टेलीविजन चैनलों, खासकर न्यूज चैनलों का काफी चलन था। हालांकि अभी भी न्यूज पेपर और न्यूज चैनलों पर विज्ञापन आते हैं, लेकिन अब विज्ञापन एजेंसियों के काम करने का तरीका अपडेट हो चुका है या फिर अगर कहें कि विज्ञापन एजेंसियों के अपने काम करने के तरीके में और टेलीविजन पर दिखाई देने वाले विज्ञापनों में काफी बदलाव आ गया है तो गलत नहीं होगा।

पहले विज्ञापन एजेंसियों की पहली पसंद मास मीडिया प्लेटफॉर्म, जैसे कि टेलीविजन, रेडियो, न्यूज पेपर आदि होते थे, जो अधिकतम लोगों तक अपनी पहुंच दर्ज करवाते थे। अभी भी ऐसा ही है। बस बदलाव इतना सा ही है कि पहले विज्ञापन एजेंसियों की नजर एप्स, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर नहीं जाती थी। वैसे विज्ञापन एजेंसियों की नजर तो बस अपने टारगेट ऑडियंस पर होती है और अब शायद उन्हें इन प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी टारगेट ऑडियंस नजर आने लगी है, जिस वजह से इन प्लेटफॉर्म्स ने काफी विज्ञापन एजेंसियों को अपनी ओर आकर्षित किया है और अब इन प्लेटफॉर्म्स पर भी विज्ञापनों की खूब भरमार है।

■ मनोरंजन और विज्ञापन

अगर कहें कि मनोरंजन और विज्ञापन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं तो शायद गलत नहीं होगा, क्योंकि जहां मनोरंजन है वहां दर्शकों व यूजर्स की भीड़ है और वहीं पर विज्ञापन भी हैं।


टेलीविजन चैनलों पर कोई प्रोग्राम या



फिल्म देखते वक्त अमूमन जो चीज दर्शकों को बहुत अधिक परेशान करती है, वह है विज्ञापन। आधे घंटे के एक प्रोग्राम में 10 मिनट से अधिक का समय तो विज्ञापन ही ले लेते हैं और ढाई घंटे की मूवी को साढ़े तीन घंटे की बनाने में भी विज्ञापनों का अहम रोल होता है। पसंदीदा प्रोग्राम और मूवी के बीच आने वाले विज्ञापन दर्शकों को सिर्फ एक झुंझलाहट ही देकर जाते हैं, जिसके बाद दर्शकों के पास सिवाय टीवी रिमोट पर अंगूठा पीटने के अलावा अन्य कोई चारा नहीं बचता।

ऐसा नहीं है कि विज्ञापन सिर्फ टेलीविजन तक ही सीमित रहे। विज्ञापन तो यूजर्स व मनोरंजन के पक्के साथी हैं, मतलब जहां-जहां मनोरंजन, वहां-वहां विज्ञापन। मीडिया चैनलों से लेकर सोशल मीडिया, टेलीविजन चैनलों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और न्यूज पेपर्स से लेकर ऑनलाइन वेब पोर्टलों तक सब जगह जहां-जहां ऑडियंस की अधिकता है, वहां-वहां पर विज्ञापनों की पहुंच है।

उदाहरण के लिए लोकप्रिय वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब का उल्लेख किया जा सकता है, जिसकी कमाई का मुख्य जरिया ही विज्ञापन हैं और यूट्यूब तो अपने प्लेटफॉर्म पर वीडियो क्रिएट करके अपलोड करने वालों को बाकायदा वीडियो के अनुसार रेवेन्यू शेयर भी देता



है। वैसे इसके लिए यूट्यूब की अपनी पॉलिसी है। इसके अलावा कई सारी न्यूज वेबसाइट व पोर्टल भी हैं, जिन्हें जब हम ओपन करते हैं तो देखते हैं कि वहां पर अलग-अलग तरह के विज्ञापन प्रदर्शित हो रहे हैं। ऑनलाइन न्यूज वेबसाइट व पोर्टल का भी यही गणित है कि उन वेबसाइट व पोर्टल की पहुंच अधिक लोगों तक



है, मतलब कि वेबसाइट व पोर्टल का कंटेंट देखने व पढ़ने वाले अधिक लोग हैं और उन्हीं लोगों को आकर्षित करने व लुभाने के लिए वहां विज्ञापन एजेंसियों द्वारा विज्ञापन को प्रदर्शित किया जा रहा है। ऑनलाइन न्यूज वेबसाइट व पोर्टल की कमाई का मुख्य जरिया भी ये विज्ञापन ही हैं।

न्यूज वेबसाइट व पोर्टल से अलग हटकर विज्ञापन अब एप्स तक भी जा पहुंचे हैं। दरअसल अब जमाना स्मार्टफोन का है। अब स्मार्टफोन की उपलब्धता लगभग हर किसी के पास है और स्मार्टफोन में अलग-अलग तरह के मनोरंजक व कुछ जानकारीवर्द्धक एप्स की उपलब्धता है, जिनका उपयोग करने वाले दर्शकों की संख्या काफी अधिक है तो यह विज्ञापन से कैसे अछूता रह सकता है। लिहाजा स्मार्टफोन पर उपलब्ध एप्स पर भी विज्ञापनों की भरमार मिल जाती है। इसलिए अगर कहें कि जहां मनोरंजन है वहां यूजर्स हैं और जहां यूजर्स है वहां विज्ञापन हैं तो गलत नहीं होगा।

■ कितनी बदल गई विज्ञापनों की दुनिया

पहले केवल टेलीविजन देखते हुए या न्यूज पेपर पढ़ते हुए ही विज्ञापन दिखा करते थे, जो बिल्कुल सरल और आसानी से समझ में आने वाले होते थे, लेकिन अब वाले विज्ञापनों में रचनात्मकता पर भी काफी ध्यान दिया जाने लगा है। अब विज्ञापनों की स्क्रिप्ट पर काफी ध्यान दिया जा रहा है और विज्ञापनों को ऐसा बनाया जा रहा है कि यूजर्स उन्हें समझने के साथ-साथ पसंद भी कर सकें।

उदाहरण के लिए स्टार स्पोर्ट्स के विज्ञापन 'मौका-मौका' का जिक्र करना ठीक रहेगा, जो विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच की जानकारी देने के लिए बनाया गया था। उस विज्ञापन में बड़े ही मजाकिया ढंग से पाकिस्तान के द्वारा भारत के खिलाफ विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच न जीत पाने की पीड़ा को दिखाया गया था। इसके अलावा फेविकोल का विज्ञापन भी खास था, जिसमें बड़े ही रचनात्मक तरीके से फेविकोल की खूबी को दिखाया गया है। विज्ञापन में दिखाया गया है कि नाव पर कुर्सियों को लादकर कहीं लेकर जाया जा रहा है, लेकिन अचानक से नाव पलट जाती है और लकड़ी की कुर्सियां पानी में गिर जाती हैं। पानी में गिरने के बाद भी कुर्सियों को किसी तरह का नुकसान नहीं होता। कुर्सियां फेविकोल के जोड़ से जुड़ी हुई हैं। हालांकि आजकल के विज्ञापनों में लड़कियों को एक उपभोग की वस्तु की तरह उपयोग किया जाता है, ऐसे आरोप भी लगते रहते हैं।

टेलीविजन और न्यूज पेपर से निकलकर विज्ञापन अब हमारे मोबाइल तक आ चुके हैं, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। विज्ञापनों के बदलने के साथ-साथ विज्ञापन एजेंसियों के काम करने का तरीका भी बदल चुका है। पहले जहां विज्ञापन दर्शकों की भीड़ देखकर प्रदर्शित किए जाते थे तो वहीं अब विज्ञापन दर्शकों की भीड देखकर नहीं, बल्कि दर्शकों की विज्ञापन अनुसार उचित भीड़ देखकर प्रदर्शित किए जाते हैं। मतलब कि अगर आपको किसी ऐसे उत्पाद या सेवाओं का विज्ञापन करना है, जिसमें सिर्फ और सिर्फ बच्चों की रुचि हो सकती है तो ऐसे विज्ञापन को विज्ञापन एजेंसियां उन टेलीविजन चैनलों व प्लेटफॉर्म पर अधिक प्रदर्शित करेंगी, जिन पर बच्चों का ट्रैफिक अधिक होगा।

टेलीविजन चैनलों पर दिखने वाले विज्ञापनों का अलग-अलग समय व अलग-अलग रेट निर्धारित किया जाता है। मतलब चैनल पर कोई शो या धारावाहिक ऐसा है, जिसे दर्शकों की अच्छी-खासी संख्या प्राप्त हो रही है तो उस शो या धारावाहिक के टेलीविजन पर प्रसारित होने के दौरान आने वाले विज्ञापनों का शुल्क उस चैनल पर आने वाले अन्य प्रोग्राम व धारावाहिक के समय आने वाले विज्ञापनों की तुलना में अधिक होगा। इसके अलावा विज्ञापन एजेंसियां विज्ञापन के लिए उपयुक्त ऑडियंस पर भी अपनी पूरी नजर रखती हैं।

उदाहरण के लिए आईपीएल का जिक्र किया जा सकता है। आईपीएल के दौरान दर्शकों की एक बहुत बड़ी संख्या मैच को टेलीविजन व ऑनलाइन स्ट्रीम के जरिये देखती है और इन दर्शकों को विज्ञापन एजेंसियां यदि अपने विज्ञापन दिखाना चाहती हैं तो उन्हें अधिक रकम खर्च करनी पड़ती हैं। आईपीएल मैचों के दौरान चलने वाले विज्ञापनों की कीमत अन्य दिनों की तुलना में काफी अधिक होती है।

■ विज्ञापनों पर रखी जाती है नजर

विज्ञापनों पर 'भारतीय विज्ञापन मानक परिषद' के द्वारा नजर रखी जाती है और किसी विज्ञापन के भ्रामक या गलत होने पर उस पर उपयुक्त कार्यवाही भी की जाती है। वर्तमान समय में हमारे



आसपास विज्ञापनों की एक बाढ़ सी आई हुई है। जहां भी नजर जाती है, वहां सिर्फ विज्ञापन ही विज्ञापन नजर आते हैं। कपड़े, खाने-पीने की वस्तुएं या किसी उत्पाद की बिक्री का विज्ञापन अक्सर हम टेलीविजन, मोबाइल फोन व न्यूज पेपर में देखते हैं। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं भी अपनी सेवाओं व अन्य जानकारियों को विज्ञापन के जरिये ही अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाती हैं। कई बार भ्रामक और गलत जानकारियों को विज्ञापन में शामिल करके ग्राहकों को ठगा भी जाता है। इसके लिए भारतीय विज्ञापन मानक परिषद कार्यरत है, जहां पर दर्शक किसी भ्रामक विज्ञापन, जिसमें कुछ गलत दिखाया गया है, जिससे आप सहमत नहीं हैं, उस विज्ञापन की शिकायत कर सकते हैं।



भारतीय विज्ञापन मानक परिषद का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि वह विज्ञापनों की विषयवस्तु पर नियंत्रण रख सके, ताकि किसी भी वजह से लोगों की भावनाएं आहत न हों और उत्पाद की बिक्री पर भी असर न पड़े। फिर विज्ञापन का मतलब भी तो यही है कि अधिक से अधिक लोगों तक अपने उत्पाद व सेवाओं का प्रचार किया जाए।

ऐसे में उन प्लेटफॉर्म्स पर तो विज्ञापन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे ही, जहां पर दर्शक व यूजर्स की आवाजाही और रुचि अधिक होगी।

बीते साल 2019 की प्रमुख घटनाएं

हर साल की तरह ही 2019 का साल भी कई अच्छी और बुरी घटनाओं का साक्षी बना। ब्रॉडकास्टिंग एवं केबल टीवी इंडस्ट्री के लिए भी यह साल काफी उथल-पुथल भरा रहा। ट्राई का नया टैरिफ ऑर्डर लागू होने के बाद तो तस्वीर एकदम ही बदल गई और दर्शक भारी मात्रा में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की ओर आकृष्ट हुए। वहीं देश में भी राजनीति से लेकर खेल के मैदान तक और अंतरिक्ष से लेकर सैन्य पराक्रम तक कई खास घटनाएं घटीं। यहां बीते साल की ऐसी ही कुछ प्रमुख घटनाओं पर एक नजर डाली जा रही है...

जनवरी

2 जनवरी



अविनाश पांडे एबीपी न्यूज नेटवर्क के सीईओ के रूप में प्रोन्नत हुए।

8 जनवरी

TACTV

TAMILNADU ARASU CABLE TV CORPORATION LTD (TACTV)

அரசு கம்பிவடத் தொலைக்காட்சிக் கழகம் லிட்.,

अरासु केबल ने ब्रॉडकास्टर्स को 58 स्लॉट की नीलामी के लिए टेंडर नोटिस जारी किया।

8 जनवरी




निजी एफएम चैनलों को ऑल इंडिया रेडियो समाचार प्रसारित करने की अनुमति दी गई।

10 जनवरी



एमसी मैरी कॉम ने एआईबीए रैंकिंग्स में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया।

11 जनवरी




डीस्पोर्ट बिजनेस हैड टीएस पनेसर ने इस्तीफा दिया

15 जनवरी



सरकार ने विज्ञान संचार के क्षेत्र में 2 राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू की।

17 जनवरी




आईआईटी-हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक कार्यक्रम शुरू किया।

21 जनवरी



रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क ने विकास खनचंदानी को प्रोन्नत किया और डॉ. भास्कर दास को अपने साथ जोड़ा।

24 जनवरी



डीआरडीओ ने ओडिशा तट से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का प्रक्षेपण किया।

25 जनवरी




इसरो ने कलसमैट और माइक्रोसैट आर ले जाने वाले पीएसएलवी सी44 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

28 जनवरी



10वां सैटकैब सिंपोजियम 2019 संपन्न।

29 जनवरी



पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस का निधन हुआ।

फरवरी

1 फरवरी

TRAI Telecom Regulatory Authority of India


ट्राई का नया टैरिफ ऑर्डर लागू हुआ।

3 फरवरी



पीएम ने लेह में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

6 फरवरी



इसरो ने फ्रेंच गुयाना से जीसैट 31 लॉन्च किया।

9 फरवरी

अरुण प्रभा


पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 'डीडी अरुणप्रभा' चैनल लॉन्च किया।

10 फरवरी



हिंदी को अबू धाबी में तीसरी आधिकारिक कोर्ट भाषा के रूप में शामिल किया गया।

12 फरवरी



भारतीय सेना ने 'एक्सरसाइज तोपची' नाम से वार्षिक युद्धाभ्यास किया।

13 फरवरी

Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

एमआईबी के तहत मीडिया इकाइयों का नई दिल्ली में प्रथम वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ।

14 फरवरी

amazon UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

एमाजोन ने भारत में एंड्रॉयड यूजर्स के लिए एमाजोन पे यूपीआई को लॉन्च किया।

18 फरवरी



भारत का पहला 'फुलडोम 3 डी डिजिटल थियेटर' का कोलकाता में उद्घाटन हुआ।

21 फरवरी

hathway
Broadband and DIgital Cable TV

हैथवे एमटीएनएल को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी वायर्ड ब्रॉडबैंड प्रदाता कंपनी बनी।

22 फरवरी



टाइम्स नाउ ने पद्मजा जोशी को प्राइम टाइम एंकर बनाया।

25 फरवरी

hotstar

वरुण नारंग हॉटस्टार के सीईओ के रूप में पदोन्नत हुए।

मार्च

3 मार्च

संस्कार
THE CHANNEL OF INDIA
हमारी संस्कृति हमारी विरासत

संजीव कुमार साधना ब्रॉडकास्ट के सीएफओ बने।

4 मार्च



जवाहर गोयल जी मीडिया के प्रधान संपादक बने।

5 मार्च

इसरो ISRO


इसरो ने स्कूली बच्चों के लिए 'युवा विज्ञान कार्यक्रम' शुरू किया।

6 मार्च



गूगल ने बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी पढ़ना सिखाने वाला 'बोलो' एप लॉन्च किया।

12 मार्च



डॉ. ए.के. मोहंती ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक का पदभार संभाला।

17 मार्च




गोवा के सीएम मनोहर पर्रिकर का निधन हुआ।

19 मार्च




22वां होली के रंग, इलैक्ट्रोनिक मीडिया के संग कार्यक्रम में खूब बरसे फाग के रंग।

22 मार्च



आर. महेश कुमार सन टीवी के नए एमडी नियुक्त हुए।

23 मार्च



जस्टिस पीसी घोष ने भारत के पहले लोकपाल के रूप में शपथ ली।

26 मार्च



इसरो ने स्कूली बच्चों के लिए यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम 'युविका' लॉन्च किया।

27 मार्च

EnterIO

एंटर10 मीडिया ने जॉय चक्रवर्ती को अपना नया सीईओ नियुक्त किया।

28 मार्च



अविनाश पांडे एमएमए के सलाहकार बोर्ड के सदस्य बने।

अप्रैल

1 अप्रैल



मनु साहनी ने आईसीसी के नए सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला।

3 अप्रैल

BSNL
Connecting India

बीएसएनएल को उड़ानों में वाई-फाई के लिए लाइसेंस मिला।

6 अप्रैल



प्रफुल्ल पटेल फीफा कार्यकारी परिषद में स्थान प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बने।

8 अप्रैल

Telecom Regulatory Authority of India
TRAI

BARC BROADCAST AUDIENCE RESEARCH COUNCIL INDIA

बार्क ने अपना साप्ताहिक डाटा प्रकाशित करने के संबंध में ट्राई के साथ विवाद खत्म किया।

9 अप्रैल



गूगल ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली ड्रोन डिलीवरी सेवा शुरू की।

11 अप्रैल

नमामि गंगे

नमामि गंगे को विश्व शिखर सम्मेलन में वैश्विक मान्यता मिली।

12 अप्रैल

दूरसंचार विभाग ने टाटा टेली यूनिट और एयरटेल के विलय को मंजूरी दे दी।

13 अप्रैल



मीना कुमारी मैसनम ने बॉक्सिंग विश्व कप 2019 में स्वर्ण पदक जीता।

14 अप्रैल



एयरटेल और फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एप लॉन्च किया।

18 अप्रैल



नासा की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवार जैरी कॉब का निधन।

25 अप्रैल


माइक्रोसॉफ्ट 1 ट्रिलियन डॉलर मूल्य वाली विश्व की तीसरी कंपनी बनी।

29 अप्रैल

विप्रो कंज्यूमर केयर ने फिलीपींस की कंपनी 'स्प्लैश' का अधिग्रहण किया।

मई

2 मई



गौरव रक्षित वायकॉम18 के डिजिटल बिजनेस के नए सीओओ बने।

3 मई

ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने आईआईटी-कानपुर के साथ साझेदारी कर उन्नत भारत अभियान को गति दी।

4 मई



प्रेम ओझा को फास्टवे ट्रांसमिशन द्वारा ग्रुप सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया।

7 मई




सरस्वती आनंद ने नेटवर्क18 को ज्वाइन किया।

17 मई

बीएसएनएल ने भारत में वाई-फाई फुटप्रिंट का विस्तार करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की।

18 मई



भारतीय लघु फिल्म ने कांस में नेस्प्रेसो टैलेंट्स अवार्ड जीता।

21 मई



प्रसार भारती ने 40वीं ई-नीलामी का संचालन शुरू किया।

22 मई




ब्रह्मोस एयर मिसाइल को सफलतापूर्वक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से प्रक्षेपित किया गया।

26 मई




अपूर्वी चंदेला ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता।

27 मई



आकाश मिसाइल के नए संस्करण का सफल परीक्षण किया गया।

29 मई



केंद्र ने वायु प्रदूषण पर 'हवा आने दे' गीत लॉन्च किया।

30 मई



नरेन्द्र मोदी ने दूसरे कार्यकाल के लिए पीएम के रूप में शपथ ली।

जून

3 जून



अभिनेता-गायक स्व. किशोर कुमार की पहली पत्नी रूमा गुहा ठाकुरता का निधन।

5 जून




वयोवृद्ध हास्य फिल्म अभिनेता और थिएटर कलाकार दिन्यार कॉन्ट्रैक्टर का निधन हुआ।

6 जून



आविष्कार मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 10वां बीसीएस रत्ना अवार्ड संपन्न।

10 जून



प्रख्यात नाटककार, अभिनेता और फिल्म निर्माता गिरीश कर्नाड का निधन।

13 जून



मलेशियाई बैडमिंटन स्टार ली चोंग वेई ने रिटायरमेंट की घोषणा की।

16 जून



जोशना चिनप्पा ने स्क्वैश में रिकॉर्ड 17वां राष्ट्रीय खिताब जीता।

22 जून



भारतीय महिला रग्बी टीम ने पहली अंतर्राष्ट्रीय जीत के साथ इतिहास रचा।

23 जून



ऑस्ट्रेलिया की एशले बार्टी दुनिया की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं।

24 जून



हिंदू ग्रुप ने अपराजिता विश्वास को ब्रांड मार्केटिंग के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया।

26 जून



आशीष सिंह नेटफ्लिक्स इंडिया में डायरेक्टर-ऑरिजिनल फिल्म के रूप में शामिल हुए।

27 जून



जी लाइव ने उन्नति अशर को प्रोडक्ट हैड के रूप में नियुक्त किया।

28 जून



आईआईटी कानपुर ने पुलेला गोपीचंद को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया।

जुलाई

1 जुलाई



पी.के. पुरवार को बीएसएनएल का नया सीएमडी नियुक्त किया गया।

1 जुलाई

जल शक्ति अभियान
संचय जल, बेहतर कल

जल संरक्षण के लिए देशभर में जल शक्ति अभियान की शुरुआत हुई।

5 जुलाई

BARC BROADCAST AUDIENCE RESEARCH COUNCIL INDIA

बार्क ने फ्री और पे चैनलों के लिए अलग-अलग व्यूअरशिप डाटा की रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत की।

8 जुलाई



गायत्री यादव ने स्टार इंडिया को छोड़ा।

9 जुलाई

SONY PICTURES NETWORKS

TELECOM DISPUTES SETTLEMENT & APPELLATE TRIBUNAL TDSAT

सोनी ने एमएसओ मंथन से बकाया वसूलने के लिए टीडीसैट में याचिका दायर की।

14 जुलाई



इंग्लैंड ने क्रिकेट विश्व कप 2019 जीता।

16 जुलाई



रेणुका रामनाथ को टीवी18 द्वारा एडिशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया।

22 जुलाई



एनपीसीआई ने वैश्विक रुपे कार्ड के लिए जेसीबी इंटरनेशनल के साथ समझौता किया।

22 जुलाई

TDSAT
Telecom Disputes Settlement & Appellate Tribunal

टीडीसैट ने टीवी विजन को जीटीपीएल हैथवे का बकाया चुकाने को कहा।

27 जुलाई




वीरेन ठक्कर ने जीटीपीएल हैथवे को छोड़ा।

28 जुलाई

SONY LIV
WE LIV TO ENTERTAIN

सोनीलिव मध्य पूर्व के देशों में भी लॉन्च हुआ।

28 जुलाई



पूर्व केंद्रीय मंत्री एस. जयपाल रेड्डी का निधन हुआ।

अगस्त

1 अगस्त

ABP न्यूज़

संजय ब्रागटा एबीपी न्यूज में हैड, इनपुट नियुक्त हुए।

2 अगस्त



shemaroo
INDIA KHUSH HUA

दीप्ति द्विवेदी शेमारू में हैड-ह्यूमन कैपिटल नियुक्त हुई।

14 अगस्त




दीपक पूनिया ने जूनियर विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

16 अगस्त



रवि शास्त्री को भारतीय क्रिकेट टीम के हैड कोच के रूप मेंफिर से नियुक्त किया गया।

19 अगस्त



बिहार के पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा का निधन हुआ।

21 अगस्त

Paytm

पेटीएम ने 5 वर्षों के लिए भारतीय क्रिकेट के टाइटल प्रायोजन को बरकरार रखा।

22 अगस्त



एनडीटीवी की अंतरिम सीईओ सुपर्णा सिंह ने इस्तीफा दिया।

22 अगस्त



डिश टीवी ने 'डी2एच मैजिक' स्टिक को लॉन्च किया।

26 अगस्त



टीवी9 ग्रुप ने बरुण दास को सीईओ नियुक्त किया।

28 अगस्त



भारतीय वायु सेना की शलीजा धामी भारत की पहली महिला फ्लाइट कमांडर बनीं।

28 अगस्त



प्रकाश जावड़ेकर ने नेशनल कम्यूनिटी रेडियो अवाड्र्स का वितरण किया।

30 अगस्त



सिटी नेटवर्क्स ने अनिल कुमार मल्होत्रा को सीईओ के रूप में पदोन्नत किया।

सितंबर

1 सितंबर



15वीं चेतना यात्रा को गजेन्द्र सिहं शेखावत ने हरी झंडी दिखाई।

1 सितंबर



यशस्विनी देशवाल ने आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता।

3 सितंबर



मनु भाकर-सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता।

3 सितंबर



भावना मित्तल मीडिया और डिजिटल के हैड के रूप में आरपीएसजी समूह से जुड़ीं।

9 सितंबर

Radiant digitek

रेडिएंट डिजिटेक नेटवर्क ने डिवाइन स्ट्रीम नेटवर्क के साथ साझेदारी की।

15 सितंबर



स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर बास्केटबॉल विश्व कप जीता।

20 सितंबर

गूगल ने बेंगलुरु में नई एआई रिसर्च लैब की घोषणा की।

23 सितंबर

युप टीवी ने बीसीसीआई के डिजिटल अधिकार हासिल किए।

24 सितंबर



एनपी सिंह को आईबीएफ अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया।

25 सितंबर



पंकज आडवाणी–आदित्य मेहता की जोड़ी ने आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर टीम का खिताब जीता।

27 सितंबर

फेसबुक ने दक्षिण एशिया में आईसीसी मैचों के लिए डिजिटल कंटेंट अधिकार प्राप्त किए।

30 सितंबर



पुनीत गोयनका आईएए–इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गए।

अक्टूबर

7 अक्टूबर

डीटीएच ऑपरेटरों ने ट्राई से नेटवर्क कैपेसिटी फीस पर छूट की अनुमति देने को कहा।

9 अक्टूबर



रेलवे पुलिस की वेबसाइट और मोबाइल एप 'सहयात्री' को लॉन्च किया गया।

10 अक्टूबर

एक लर्निंग प्रोग्राम 'ध्रुव' को इसरो मुख्यालय, बेंगलुरु मे लॉन्च किया गया।

13 अक्टूबर



मंजू रानी ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

18 अक्टूबर



निखिल गांधी टिक टॉक इंडिया के नए हैड बने।

19 अक्टूबर



रोहित शर्मा ने घरेलू जमीं पर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक औसत का रिकॉर्ड बनाया।

21 अक्टूबर

ट्रिपल प्ले सेवा देने के लिए बीएसएनएल ने युप टीवी से हाथ मिलाया।

23 अक्टूबर



प्रवीण कुमार ने वुशु विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

31 अक्टूबर

सोनी पिक्चर्स इंडिया और डेंटसु वेबचटनी द्वारा भारत का पहला इंटरएक्टिव गेम लॉन्च किया गया।

नवंबर

1 नवंबर



आईआईटी दिल्ली ने इसरो के सहयोग से स्पेस टेक्नोलॉजी सेल स्थापित करने की घोषणा की।

1 नवंबर

एबीपी न्यूज के संपादकीय विभाग का पुनर्गठन किया गया।


4 नवंबर

एसीटी फाइबरनेट ने फिर से चेन्नईयन एफसी के साथ भागीदारी की।

4 नवंबर


जी5 ने ब्रांड को मजबूत बनाने के लिए नया टूल प्ले5 पेश किया।

9 नवंबर



नासा ने अपना पहला इलेक्ट्रिक हवाई जहाज पेश किया।

10 नवंबर



मकड़ी की एक नई प्रजाति का नामकरण सचिन तेंदुलकर के नाम पर किया गया।

18 नवंबर



जस्टिस एसए बोबड़े ने भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

21 नवंबर



मनु भाकर, इलावेनिल वलारिवन और दिव्यांश पंवार ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीते।

22 नवंबर




जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शॉर्ड डॉक्यूमेंटरी फिल्म 'शिखर से पुकार' रिलीज की।

27 नवंबर



इसरो ने कार्टोसैट-3 को लॉन्च किया।

28 नवंबर



उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ ली।

29 नवंबर

इसरो ने स्पेस-ग्रेड ली-आयन सेल प्रौद्योगिकी को भेल को स्थानांतरित किया।

दिसंबर

4 दिसंबर



सुंदर पिचाई को अल्फाबेट इंक के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया।

5 दिसंबर



भारतीय सांसदों ने संसद की कैंटीन में मिलने वाली फूड सब्सिडी छोड़ी।

9 दिसंबर



वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी ने रशिया पर 4 साल का प्रतिबंध लगाया।

10 दिसंबर



विश्व की पहली इलेक्ट्रॉनिक फ्लाइट ने कनाडा से उड़ान भरी।

10 दिसंबर

13th SOUTH ASIAN GAMES-2019

भारत ने 2019 के दक्षिण एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 312 पदक जीते।

11 दिसंबर




इसरो ने रिसैट-2बीआर1 उपग्रह प्रक्षेपित किया।

12 दिसंबर

fssai

एफएसएसएआई और नासकॉम ने खाद्य अपव्यय को रोकने के लिए एप विकसित करने के लिए हाथ मिलाया।

12 दिसंबर



राष्ट्रपति की सहमति के बाद नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 एक कानून बना।

14 दिसंबर



जमैका की टोनी-एन सिंह को मिस वर्ल्ड 2019 का ताज पहनाया गया।

THE SPLICER REVOLUTION

ILSINTECH'S SWIFT OPTICAL FIBER FUSION SPLICER SERIES

ILSINTECH India introducing its most advanced IPAS based Core to Core Aligning System adaption Optical Fiber Fusion Splicer in India Through its own distribution network. Swift K11 is the smallest, lightest, fastest, and most conveniently designed splicer for in house & field use

Swift K11

Core to Core Splicer

Features:-

- Resistant to Shock, Dust and Rain
- Powerful Battery with Large Capacity (200 Splices)
- Sleeve Heater (13 Seconds Heating Time)
- 5.0" Color LCD Monitor with Touch Panel & key pad



Swift K7

Core to Core Splicer

Features:-

- Resistant to Shock, Dust and Rain
- Powerful Battery with Large Capacity (300 Splices)
- Dual Sleeve Heater (13 Seconds Heating Time)
- 4.3" Color LCD Monitor with Touch Panel & key pad



Swift KF4A

Active V- Groove Splicer

Features:-

- All-IN-ONE+System
- Internet remote access maintenance
- Built-in power meter and fault locator
- Designed for FTTH purpose



Swift KF4

Active V- Groove Splicer

Features:-

- World's Most Compact Active V-Groove Fusion Splicer
- Metro, Access Network and FTTH Universal Fiber Holders
- The best quality, budget priced - Make your every penny count!



Swift KR7

Ribbon to Ribbon

Features:-

- Internet remote access maintenance
- 4.3-inch color LCD monitor with touch screen
- Powerful lithium polymer battery with large capacity
- User friendly GUI
- Resistance to shock, dust and Water
- Built-in dual sleeve heater







ILSINTECH TRADING INDIA PVT LTD

DELHI HEAD OFFICE, 6th Floor, 621 Devika Tower, Nehru Place, New Delhi-110019
Ph.: 011-40555954, 40567229, 41004258 ; E-mail: ilsintech@ilsintechindia.com
Web: http://www.ilsintech.com, http://www.ilsintechindia.com

HEAD QUARTER

ILSINTECH CO. LTD. , 703, Gwan Pyeong Dong, Yu Sung Gu, Dae Jeon, Korea

OTHER BRANCH OFFICES

Kolkata (Tel : 033 - 6451 5364); Mumbai (Tel : 022 - 65563455) ; Hyderabad (Tel : 040 - 40079554) , Bangalore (Tel : 080 - 41220945) , Chennai (Tel : 08122788701), Kathmandu

ISO 9001:2008 Certification

